Main Jaha Bhi Rahu Barsana Mile

तेरे रंग में रंगा ज़माना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले|

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहू बरसाना मिले।

सारे जग में तेरा ही तो एक नूर है,

मेरा कान्हा भी तुझसे ही मशहूर है|

बदकिस्मत है वो जो तुझसे दूर है,

तेरे नाम का हर मस्ताना मिले|

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहू बरसाना मिले|

तेरी रहमत के गीत गाने आया हु में,

कई गुनाहो की सौगात लाया हु में|

कर दो करुणा जगत का सताया हु में,

दर पर आया हु में , आजा आया हु में|

कर दो करुणा जगत का सताया हु में,

रहमत का इशारा नजराना मिले|

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहू बरसाना मिले|

तेरी पायल बंसी उनकी बजती रहे,

जोड़ी प्रीतम प्यारे की सजती रहे|

तेरे रसिकों पे छायी ये मस्ती रहे,

तेरी मस्ती रहे हां तेरी मस्ती रहे|

तेरे चरणों की रज में ठिकाना मिले,

में जहाँ भी रहु बरसाना मिले|

में जहाँ भी रहु बरसाना मिले||

तेरा बरसाना राधे मेरी जान है,

तेरा बरसाना राधे मेरी जान है|

मेरे अरमानो की आन है शान है,

तेरी गलियों पर जाकर ये कुर्बान|

हाँ ये मेरी जान है मेरी जान है,

तेरी गलियों पर जाकर ये कुर्बान||

गाउ जब भी तेरा अफसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले|

मैं जहाँ भी रहू बरसाना मिले||

खुश रहे तू सदा ये दुआ है मेरी,

बरसाना पहले ये सदा है मेरी|

तेरे चरणों में रहना सजा है मेरी,

रवि रस का सदा ही दीवाना मिले|

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहू बरसाना मिले||